आईबीबीआई ने आईबीबीआई (सूचना उपयोगिता) (संशोधन) अधिनियम, 2017 अधिसूचित किया

IBBI

आईबीबीआई ने 31 मार्च, 2017 को आईबीबीआई (सूचना उपयोगिता) (संशोधन) अधिनियम, 2017 अधिसूचित किया।

- इस अधिनियम में व्यवस्था की गई है कि कोई भी व्यक्ति किसी सूचना उपयोगिता की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी का 10 प्रतिशत से अधिक अथवा इसमें मतदान का अधिकार नहीं रख सकता, जबकि कुछ विशेष व्यक्तियों को 25 प्रतिशत तक की इजाजत दी गई है।
- इसमें व्यवस्था की गई है कि व्यक्ति पंजीकरण के बाद तीन वर्ष की अवधि समाप्त होने तक प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी का 51 प्रतिशत अथवा मतदान का संपूर्ण अधिकार रख सकता है।
- आईबीबीआई ने आईबीबीआई (सूचना उपयोगिता) अधिनियम, 2017 में 29 सितंबर, 2017 को संशोधन किया।
- संशोधित अधिनियम के अनुसार कोई भी व्यक्ति अपने पंजीकरण की तारीख से तीन वर्ष तक सूचना उपयोगिता की 51 प्रतिशत प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी अथवा मतदान का संपूर्ण अधिकार स्वयं अथवा व्यक्तियों की सहमति से रख सकता है।
- इसके अलावा एक भारतीय कंपनी, (i) जो भारत में स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है अथवा (ii) जहां कोई व्यक्ति, प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से, स्वयं अथवा व्यक्तियों की सहमति से प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी का 10 प्रतिशत से अधिक रखता है, पंजीकरण की तारीख से तीन वर्ष तक सूचना उपयोगिता की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी का शत प्रतिशत अथवा मतदान का संपूर्ण अधिकार रख सकता है।
- तथापि ये संशोधित प्रावधान 30 सितंबर, 2018 से पहले पंजीकृत सूचना उपयोगिता के संबंध में उपलब्ध होंगे।

राष्ट्रीय खबर

हैदराबाद में "प्रधानमंत्री मुद्रा योजना" का प्रोत्साहन कैंप

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने आज यहाँ कहा कि केंद्र सरकार ने 8 अप्रैल 2015 को शुरू "प्रधानमंत्री मुद्रा योजना" के तहत अभी तक 9 करोड़ 13 लाख ऋण स्वीकृत किये गए हैं।

राष्ट्रीय खबर

- हैदराबाद में "प्रधानमंत्री मुद्रा योजना" के प्रोत्साहन कैंप में आम जनता, कारोबारियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, सामाजिक क्षेत्र के लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री नकवी ने कहा कि कहा कि इस योजना के तहत लाभ पाने वालों में लगभग 76 प्रतिशत महिलाएं हैं।
- लाभार्थियों में लगभग 55 प्रतिशत से ज्यादा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के लोग शामिल हैं।
- लाभार्थियों में 3 लाख 96 हजार करोड़ रुपए के ऋण स्वीकृत किये गए हैं।
- श्री नकवी ने कहा कि दुनिया का हर देश आज भारत को आर्थिक ताकत मान रहा है।
- आज भारत दुनिया का सबसे मजबूत एवं सुरक्षित निवेश का केंद्र बन गया है।
- श्री नकवी ने कहा कि पिछले 3 वर्षों के दौरान मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था को मजबूत दिशा दी है।आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत से ऊपर रही है।
- श्री नकवी ने कहा कि श्री नकवी ने कहा कि “नोट बदली” के लाभ अब दिखाई दे रहे हैं।
- डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से जरूरतमंदों के बैंक खाते में सीधे पैसा भेज कर पारदर्शिता सुनिश्चित की है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर पौधा रोपण अभियान

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इस बार मानसून में राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब दस लाख पौधे लगाए।

- इनमें छायादार मार्ग पर करीब चार लाख पौधे लगाए गए और करीब छह लाख पौधे राजमार्ग के बीचों-बीच लगाए गए।
- पौधे लगाने का यह अभियान स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त राष्ट्रीय राजमार्ग प्रदान करते हुए स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एनएचएआई के क्रियाकलापों का हिस्सा है।
- मानसून के दौरान यह अभियान नियमित आधार पर चलाया गया और उसके बाद भी पानी डालकर और पौधों का रख-रखाव करते हुए जारी रहा।
- पौधा रोपण का कार्य राजमार्ग विकास परियोजना का अभिन्न हिस्सा है अतः यह सुनिश्चित करता है कि हमारे राजमार्ग स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त रहें।

राष्ट्रीय खबर

पूरे देश में पर्यटन मंत्रालय के पर्यटन पर्व का आयोजन

आज से पूरे देश में पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित पर्यटन पर्व का शुभारंभ हो गया है। इस पर्व का उद्घाटन संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. महेश शर्मा ने पर्यटन मंत्री श्री अल्फोंस कन्नथनम की उपस्थिति में नई दिल्ली के हुमाऊ किला में किया।

- इस अवसर पर विद्या शाह, मीरा भजन की प्रस्तुति देंगी और डॉ. सईदा हमीद, जाकिया जहीर और रेने सिंह दास्तान-ए-अमीर खुसरो प्रस्तुत करेंगे।
- पर्यटन पर्व का समापन नई दिल्ली में तीन दिवसीय प्रस्तुतियों के साथ होगा।
- 23 से 25 अक्टूबर, 2017 तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिल्प बाजार और फूड कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।
- इनमें देश की सांस्कृतिक विविधता, लोक एवं शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत, हस्तकला, हथकरघा और विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों की पाक-कला का समन्वय होगा।
- पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित पर्यटन पर्व, केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और भागीदारों के सहयोग से 5 से 25 अक्टूबर, 2017 से मनाया जा रहा है।
- इसके आयोजन का मुख्य उद्देश्य पर्यटन के लाभ, देश की सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन और “सभी के लिए पर्यटन” के सिद्धांत को सुदृढ़ बनाना है।

राष्ट्रीय खबर

भारत में ऐपल और रिलायंस के बीच हो रही खास पार्टनरशिप

आईफोन बनाने वाली कंपनी ऐपल और मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज भारत में पार्टनरशिप करने जा रही हैं।

- इसके तहत रिलायंस अमेरिका के मशहूर ब्रैंड ऐपल को अपनी रिटेल और टेलिकॉम यूनिट्स, रिलायंस डिजिटल और रिलायंस जियो के जरिए 'भारत की खोज' करने में मदद करते हुए लगभग 900 शहरों और 2,000 से अधिक पॉइंट्स ऑफ सेल तक पहुंचाएगा।
- इंडस्ट्री से जुड़े एग्जिक्युटिव्स ने बताया कि इसके हिस्से के तौर पर रिलायंस अब खुद डिस्ट्रीब्यूशन करेगा, जबकि पहले रिलायंस डिजिटल के स्टोर्स तक डिस्ट्रीब्यूटर्स प्रॉडक्ट्स पहुंचाते थे।
- अभी ऐपल की 150 से अधिक शहरों में करीब 2,000 रिटेलर्स के जरिए मौजूदगी है।

राष्ट्रीय खबर

- इस पार्टनरशिप की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, 'ऐपल आईफोन बेचने के लिए छोटे शहरों और कस्बों में तेजी से विस्तार करना चाहता है, जहां रिलायंस के पास पहले से ही इन्फ्रास्ट्रक्चर मौजूद है।
- रिलायंस के साथ आने से ऐपल की रिटेल मौजूदगी तुरंत दोगुनी होकर 4,000 स्टोर्स से अधिक की हो जाएगी। रिलायंस भी सभी प्रकार के हैंडसेट बेचना चाहता है।
- इस वजह से दोनों के लिए यह पार्टनरशिप अच्छी है।'
- इंडस्ट्री के एग्जिक्यूटिव्स ने बताया कि ऐपल के जल्द लॉन्च होने वाले आईफोन X के लिए भी रिलायंस आईफोन 8 और 8 प्लस की तरह बंडलिंग प्लान लाना चाहती है, जिसमें एश्योर्ड बायबैक और फ्री डेटा शामिल होगा।
- रिलायंस देश में आईफोन का सबसे बड़ी सेलर बनना चाहता है।
- अभी आईफोन के सबसे बड़े सेलर ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस- फ्लिपकार्ट और ऐमजॉन हैं।

मुकेश अंबानी लगातार 10वें साल सबसे धनी भारतीय: फार्ब्स

आर्थिक क्षेत्र में उठापटक के बावजूद देश के शीर्ष 100 धनी व्यक्तियों की संपत्ति में 26 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

- वहीं, विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी लगातार 10वें साल भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बने रहे। मुकेश अंबानी की संपत्ति बढ़कर 38 अरब डालर करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई।
- अमीरों की संपत्ति का आकलन करने वाली पत्रिका फोब्र्स की वार्षिक सूची इंडिया रिच लिस्ट 2017 में यह जानकारी दी गयी है।
- पत्रिका के अनुसार, देश की तीसरी बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी विप्रो के अजीम प्रेमजी 19 अरब डॉलर संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हुए हैं।
- हालांकि, मुकेश अंबानी की संपत्ति के मुकाबले वह आधे पर हैं।
- उन्होंने पिछले साल की तुलना में दो स्थान की छलांग लगायी है।
- दवा बनाने वाली कंपनी सन फार्मा के दिलीप सांघवी 12.1 अरब डॉलर की संपाि के साथ नौवें स्थान पर रहे।
- वह पिछले साल की सूची में दूसरे स्थान पर थे।
- फोब्र्स ने गुजरात के कारोबारी गौतम अडाणी को 11 अरब डॉलर नेटवर्थ के साथ सूची में 10वें स्थान पर पहुंच गये।
- पिछले साल वह 6.3 अरब डॉलर के साथ 13वें स्थान पर काबिज थे।

राष्ट्रीय खबर

- पत्रिका ने अडाणी को कॉलेज से बीच में पढ़ाई छोड़कर निकलने वाला बताया है, उन्होंने अपने पिता की कपड़े की दुकान को ठुकरा कर वर्ष 1988 में वस्तु निर्यात कंपनी की स्थापना की थी।
- यह भी बताया गया है कि अदानी 2008 में मुंबई के ताज महल पैलेस होटल में आतंकवादी हमले में बच गये थे।

मास्टर कार्ड, आंध्र प्रदेश सरकार के बीच डिजिटल तंत्र के लिये समझाौता

भुगतान प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख वैकि कंपनी मास्टर कार्ड और आंध्र प्रदेश सरकार ने राज्य में डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के लिये आज एक समझाौते पर हस्ताक्षर किये।

राष्ट्रीय खबर

- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और मास्टरकार्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय बंगा ने आज समझाौते पर हस्ताक्षर किये।
- यह समझाौता भुगतान की नई तकनीकों के कार्यान्वयन पर नजर रखेगा, जो कि राज्य में नकदी रहित समाज बनाने में मदद करेगा।
- इससे राज्य स्मार्ट सिटी की तरफ बढ़ेगा।
- मास्टरकार्ड, मोबाइल एप के माध्यम से किसानों को पारदर्शी मूल्य निर्धारण तक पहुंचने में सक्षम बनायेगा।
- इसके साथ ही एप फसल खरीदने और बेचने के तरीकों को भी आसान और सुरक्षित बनाने में मदद करेगा।
- समझाौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद संवाददाताओं से बात करते हुये बंगा ने कहा, वास्तव में किसानों को अपने उत्पाद को सीधे बाजार में लाने के नये तरीकों तक पहुंच में सक्षम होना चाहिये और उन्हें खरीदारों से जुड़ना चाहिये।
- उन्हें अपने बीच में बिचौलियों को नहीं आने देना चाहिये।

बंगलोर मेट्रो परियोजना चरण-II लाइन आर 6 के लिए भारत ने यूरोपीयन इवेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) से 300 मिलियन यूरो का वित्तीय समझौता किया

भारत सरकार और यूरोपीयन इंवेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) ने बंगलोर मेट्रो रेल परियोजना चरण-II लाइन आर 6 के लिए 300 मिलियन यूरो के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किया।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

- समझौते पर भारत सरकार की ओर से वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के संयुक्त सचिव (बीसी) श्री सेलवाकुमार और ईआईबी की ओर से ईआईबी के वाइसप्रेसिडेंट श्री एण्ड्रयूस मेक्डेवैल ने हस्ताक्षर किया।
- बंगलोर मेट्रो परियोजना चरण-II का वित्त पोषण संयुक्त रूप से यूरोपीयन इंवेस्टमेंट बैंक (500 मिलियन यूरो) तथा एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इवेस्टमेंट बैंक (300 मिलियन यूरो) द्वारा किया जाएगा।
- आज 300 मिलियन यूरो की पहली खेप के लिए हस्ताक्षर किए गए।
- इस परियोजना में बंगलोर में मेट्रो रेल के लिए पूर्व-पश्चिम तथा उत्तर-दक्षिण लाइनों का विस्तार किया जाएगा। इसकी लम्बाई 72.095 किलो मीटर (13.79 किलोमीटर भूमिगत) है।
- कुल 61 स्टेशनों में 12 स्टेशन भूमिगत हैं। परियोजना शुरू होने की तिथि से इसकी क्रियान्वयन अवधि 5 वर्ष है।
- इस परियोजना का उद्देश्य बंगलोर मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (बीएमटीसी) के साथ नगर की परिवहन व्यवस्था तथा शहरी परिवहन में सुधार करना है।
- इसका उद्देश्य यात्रियों के लिए आधुनिक परिवहन सुविधा सुनिश्चित करना है।